तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 4 मार्च 2025



नगर पंचायत थानखम्हरिया में अध्यक्ष अनिता व पार्षदों ने ... 12





तीन हजार सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं को सीएम के ... 10






## खबर संक्षेप

### धान भरे ट्रक व हाईवा में भिड़ंत, चार घायल



**बालोद।** नेशनल हाईवे 30 पर पुरुर के पास धान से भरे ट्रक और हाईवा में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में 4 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल धमतरी भेजा गया है, जहां इलाज जारी है। वहीं, मौके पर पहुँची पुरुर पुलिस जाँच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार धान से भरा ट्रक चारामा से धमतरी के तरफ जा रहा था। वहीं हाईवा धमतरी से चारामा की तरफ जा रहा था, तभी पुरुर के पास दोनों में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों ट्रकों के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद सड़क पर जाम लग गया, जिसे मौके पर पहुँची पुलिस ने आवागमन सुचारू करवाया।

### गौ सेवकों को देख ट्रक की स्टेयरिंग लॉक कर भागे तस्कर, छुड़ाए गए 28 मवेशी

**बालोद।** देवरी थाना क्षेत्र अंतर्गत गौ तस्करी का एक बड़ा मामला सामने आया है। जहां बालोद के गौ सेवकों ने एक ट्रक को पकड़कर 28 मवेशियों को तस्करों के चुगुल से छुड़ाया है। देवरी थाना से मिली जानकारी अनुसार सोमवार की सुबह 4 बजे पशु तस्कर मवेशियों से भरा ट्रक लेकर अर्जुंदा की ओर से जेवरतला रोड होते हुए महाराष्ट्र के कत्लखाने जा रहे थे। इसी दौरान बालोद के गौ रक्षकों को इसकी सूचना मिली और उन्होंने ट्रक को पकड़ लिया। लेकिन इस बीच ट्रक में सवार तस्कर वाहन की स्टेयरिंग लॉक करके अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। स्टेयरिंग लॉक होने के कारण ट्रक को मौके से हटाना मुश्किल हो गया था। इसे देखते हुए ट्रक को हटाने के लिए पुलिस को क्रेन बुलानी पड़ी। क्रेन की मदद से मवेशियों से भरे ट्रक को देवरी थाना लाया गया। जहां से जब्त किए गए 28 मवेशियों को दूसरे वाहन की मदद से सुरक्षित बालोद के गौशाला में पहुंचाया गया। वहीं, देवरी पुलिस मामले को गंभीरता से लेकर मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की पतासाजी में जुट गई है।

### अभाविप कार्यकर्ताओं ने 10वीं के परीक्षार्थियों को भेंट की कलम

**डौंडीलोहारा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई डौंडीलोहारा ने सोमवार को शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भीमकन्हार में जाकर 10 बोर्ड की परीक्षा देने जा रहे छात्रों का तिलक लगाकर और पेन भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही छात्रों को परीक्षा से पूर्व मार्गदर्शन करते हुए कहा कि परीक्षा की घबराएं नहीं, बल्कि उनका सामना करें और सभी प्रश्नों को हल करने की कोशिश करें।

# विधायक कार्यालय में मुझे जबर्दस्ती भाजपा का गमछा ओढ़ाया गया, मेरी निष्ठा कांग्रेस में

## कांग्रेस नेत्री व पूर्व पार्षद जया साहू ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर की राजनीति में रविवार और सोमवार कांग्रेस, भाजपा में पार्टी छोड़ने और प्रवेश को लेकर घमासान रहा। रविवार शाम विधायक दीपेश साहू के कार्यालय में कांग्रेस की दो महिला पूर्व पार्षदों जया साहू व रानी सेन एवं उनके पति के भाजपा प्रवेश की खबर जारी की गई। परन्तु, जारी बयान के कुछ घंटों के अंदर ही कांग्रेस नेत्री व पूर्व पार्षद जया साहू ने भाजपा प्रवेश का खंडन कर करते हुए विधायक पर आरोप लगाया। वहीं कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व एल्डरमैन जनता साहू ने भी बयान जारी कर विधायक दीपेश साहू पर सामाजिक विषयों पर चर्चा के बहाने भाजपा प्रवेश करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया। प्रेस को जारी बयान में पूर्व पार्षद जया साहू ने कहा कि रविवार को विधायक दिपेश साहू के कार्यालय में बुलाकर मुझे दबावपूर्वक धमकी देते हुए भाजपा का गमछा पहना दिया गया। मैं बार-बार यह कहती रही कि मैं कांग्रेस पार्टी की निष्ठावान कार्यकर्ता हूं और मैं कांग्रेस पार्टी की सेवा करती रहूंगी। मुझे पार्टी ने कांग्रेस का पार्षद जैसे पद पर सुशोभित किया है। पार्टी ने मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को हमेशा सम्मान दिया है। मैं पार्टी से बाहर जाने की कभी सोच भी नहीं सकती। पार्टी ने नगर पालिका चुनाव में अनुशासनहीनता बरतने वालों पर जो कार्रवाई की है, वह बिल्कुल जायज है। मैं पूरी तरह से कांग्रेस के प्रति निष्ठावान हूं। मेरा परिवार कई वर्षों से लगातार कांग्रेस की सेवा करता रहा है। भाजपा में शामिल होने की खबर पूरी तरह झूठी है। मेरी निष्ठा कांग्रेस पार्टी एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के प्रति सदैव बनी रहेगी।





■ रविवार शाम विधायक कार्यालय से जारी की गई थी भाजपा प्रवेश की खबर

### सामाजिक चर्चा पर बुलाकर भाजपा में शामिल होने कहा गया, जिसे मैंने नकार दिया

इसी तरह पूर्व एल्डरमेन जनता साहू ने बयान जारी कर कहा है कि बीते दिन मुझे भी सामाजिक चर्चा करने के नाम पर विधायक निवास बुलाया गया था। लेकिन, वहां मुझे भी भाजपा में शामिल होने कहा गया, जिसे मैंने सिरे से नकार दिया। इस दौरान मैने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी की निष्ठावान सिपाही हूं और सदैव कांग्रेस परिवार के साथ निष्ठा के साथ रहूंगी। मेरा विश्वास कांग्रेस पार्टी और क्षेत्र के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के साथ है। मेरे पूरे परिवार की पृष्ठभूमि कांग्रेस की है। कुछ तथाकथित लोग मेरे भाजपा में शामिल होने की अफवाह फैला रहे हैं, जो कि गलत है। मैं कांग्रेस पार्टी के लिए निरंतर कार्य करती रहूंगी। इसके अलावा श्रीमती साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा नगर पालिका चुनाव में अनुशासनहीनता पर की जा रही कार्रवाई बिल्कुल उचित है। ऐसे लोग जिनको पार्टी ने पहचान दी, वे लोग आज केवल अपने स्वार्थ सिद्धि के लिए पार्टी से गद्दारी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। पार्टी से निष्कासित पूर्व पार्षदों और पदाधिकारी ने पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ प्रचार-प्रसार किया, जिनके कारण आज पार्टी ने इनका निष्कासन किया है।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा में पेश वित्तीय वर्ष 2025-2026 के बजट का भाजपा नेताओं ने किया स्वागत

# जिले में बनेगा बहुउद्देशीय स्टेडियम, नवागढ़ को मिली 100 बिस्तर वाले अस्पताल की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय सरकार का दूसरा और राज्य का 25 वें वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया। बजट में नवागढ़ में 100 बिस्तर वाले हॉस्पिटल का प्रावधान किया गया है।

वहीं, जिले में बहुउद्देशीय स्टेडियम निर्माण की बात कही गई है। इसे लेकर जिले के भाजपा नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल सहित भाजपा नेताओं ने बजट की सराहना की। मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ प्रदेश को बेहतर दशा और दिशा प्रदान करने वाला है, जो बहुत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाने समेत अन्य क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए 1 लाख 62 हजार 100 करोड़ रुपए का बजट पेश किया गया है, जिसमें नवागढ़ में 100 बिस्तर का हॉस्पिटल का बजट में प्रावधान किया गया है, जो नवागढ़वासियों के लिए अच्छी सौगात है। उन्होंने कहा कि रोजगार, निर्माण, सड़क के साथ नगर पंचायत, नगर निगम में रिंग रोड निर्माण सहित छात्रों, कृषकों के एवं माताओं व बहनों के लिये बजट में प्रावधान किया गया है।

## मंत्री दयालदास बघेल ने कहा- छत्तीसगढ़ को बेहतर दशा और दिशा प्रदान करने वाला बजट




### लाखों परिवारों को मिलेगा आवास व स्वच्छ पेयजल : अजय

वहीं भारतीय जनता पार्टी के बेमेतरा जिलाध्यक्ष अजय साहू ने कहा कि नगरीय निकायों में अधोसंरचना विकास के लिए 750 करोड़ एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए अमृत मिशन योजना अंतर्गत 744 करोड़ का प्रावधान किया गया है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 875 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिससे लाखों गरीब परिवारों को आवास का लाभ मिलेगा एवं स्वच्छ पेय जल घर घर पहुंचने में सहायक होगा।

### बजट पिछले साल की तुलना में 12 प्रतिशत ज्यादा : अंजू

भाजपा नेता व जिला पंचायत सदस्य अंजू बघेल ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि इस बार का प्रदेश का बजट पिछले साल की तुलना 12 प्रतिशत ज्यादा है। इस बजट में अचल संपत्ति के अंतरण पर स्टांप ड्यूटी के लिये 12 फीसदी सेस खत्म करने का फैसला किया गया है। साथ ही साथ पटवारियों को संसाधन भत्ता दिया जाएगा। अचल संपत्ति क्रय करने वालों को बहुत फायदा होगा।

### पेट्रोल सस्ता, कर्मचारियों का डीए बढ़ा : जाहिद

भाजपा नेता नवागढ़ व पार्षद प्रतिनिधि जाहिद खान ने कहा कि महतारी वंदन योजना अंतर्गत 5500 करोड़ रुपये का प्रावधान, पेट्रोल की कीमत प्रतिलीटर एक रुपए सस्ता व शासकीय कर्मचारियों का डीए बढ़ाकर 53 प्रतिशत किया गया है, जो लोगों के लिए लाभदायक है।

### ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिलेगा पीएम आवास का लाभ : अंकुश

भाजपा नेता अंकुश तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 5 एकड़ भूमि एवं दोपहिया वाहन के मालिकों को भी पात्रता दिए जाने से अनेक लोगों को लाभ मिलेगा। अब वे भी इस योजना के तहत आवास प्राप्त कर सकेंगे, जो सराहनीय है।

### भाजपा मंडल अध्यक्षों ने भी बजट को सराहा

इसी तरह भाजपा पार्षद सोम ठाकुर, भाजपा मारो मंडल अध्यक्ष राकेश राजपूत, भाजपा बालसमुन्द मंडल के अध्यक्ष हवेन्द्र वैष्णव, भाजपा खंडसरा मंडल अध्यक्ष गयाराम चंद्राकर, भाजपा नवागढ़ मंडल अध्यक्ष तुकाराम साहू, भाजपा नेता राहुल खुराना ने भी बजट में किए गए प्रावधानों को आम नागरिकों के लिए लाभदायक बताते हुए बजट का स्वागत किया ह।

## टीचिंग प्लान प्रतियोगिता

# राजयस्तरीय वेबीनार में बेमेतरा के छात्राध्यापकों ने लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद और स्टरलाइट एडइंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में इस वर्ष भी टीचिंग प्लान कम्पटीशन का आयोजन डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों के लिये किया जा रहा है। इसके तहत राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद में विगत वर्षों कि तरह ही टीचिंग प्लान प्रतियोगिता का शुभारंभ एक ऑनलाइन वेबीनार के द्वारा किया गया। इस प्रथम चरण के वेबिनार में टीचिंग प्लान प्रतियोगिता में भाग लेने एवं छात्राध्यापकों की पूर्व तैयारी करवाने एवं आवश्यक प्रक्रियाओं के विषय में राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद, रायपुर, छत्तीसगढ़ एवं स्टर लाइट एड इंडिया फाउंडेशन के प्रतिनिधियों द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया।.

प्रक्रियाओं पर की गई विस्तार पूर्वक चर्चा

जिसमें जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान -बेमेतरा के द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों ने भाग लिया साथ ही अन्य जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थानों के द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों ने भी भाग लिया। तदुपरान्त मध्यान्ह 2 से 3 बजे तक सभी छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत 18 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों के प्राचार्यों एवं सेवा-पूर्व प्रशिक्षण प्रभाग के प्रभारियों के साथ इस प्रतियोगिता के आगामी चरणों के प्रतियोगिता के मूल्यांकन रुबरिक्स एवं 5 मार्च से 5 अप्रेल 2025 तक विभिन्न तिथियों में आयोजित किये जाने वाले आगामी चरणों के विभिन्न प्रक्रियाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर मार्गदर्शन दी गई।

इसमें जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बेमेतरा से प्राचार्य जे के घृतलहरे एवं सेवा पूर्व प्रशिक्षण प्रभाग के प्रभारी अनिल सोनी, साथ ही स्टरलाइट एडइंडिया फाउंडेशन के प्रतिनिधि रघुनाथन भी उपस्थित थे। इसऑनलाईन वेबिनार में राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद ,रायपुर, छत्तीसगढ़ से डाकेश्वर एवं स्टार लाइट एड इंडिया फाउंडेशन से चंदन, नरेंद्र, सुरेंद्र, ख्याति, मंदाकिनी, रितेश, हिमांशु उपस्थित थे।

# एग्रीस्टेक योजना में ज्यादा से ज्यादा कृषकों को जोड़ें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टोरेट के दिशा सभा कक्ष में जिले में कृषक पंजीयन की प्रगति की समीक्षा की।

■ कलेक्टर ने कृषि से जुड़े अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश



शर्मा ने कहा कि पंजीयन डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के तहत एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य कृषि भूमि स्वामियों का एकीकृत डाटाबेस तैयार करना है, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र कृषकों तक पारदर्शी और सुचारू रूप से पहुँचे।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल, कृषि सहित जुड़े उप संचालक कृषि एम.डी., उप संचालक पशुधन विकास विभाग राजेन्द्र भगत, जिला प्रबंधक महेन्द्र देशमुख, अनुविभागीय कृषि अधिकारी जितेन्द्र कुमार ठाकुर, सहायक संचालक कृषि डॉ. श्याम लाल साहू, सहायक संचालक उद्यान हितेन्द्र मेश्राम सहित सभी विकासखण्डों के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पशु चिकित्सक, मत्स्य निरीक्षक एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान उप संचालक कृषि डड़सेना ने बताया कि कृषक पंजीयन कार्य केंद्रों, स्वयं पंजीयन एवं सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किया जा रहा है। जिले में कुल 1,86,932 भू-धारक कृषक हैं, जिनमें से अब तक 47,364 कृषकों का पंजीयन किया जा चुका है। कुल कृषक पंजीयन में बेमेतरा जिले का 10वां स्थान है, जबकि पीएम किसान लाभार्थी कृषकों के पंजीयन में जिले की स्थिति 8वें स्थान पर है।

बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने विकासखण्डवार एवं ग्राम कृषि विस्तार अधिकारीवार पंजीयन की समीक्षा करते हुए अगले 3 दिनों के भीतर शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से इस अभियान को प्राथमिकता देने तथा अधिक से ▶▶| शेष पेज 11 पर

## शुरू हुई 10वीं बोर्ड की परीक्षा...

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं की परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई। पहले दिन परीक्षा के अंतर्गत नवागढ़ विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नांदघाट और मगरघटा परीक्षा केंद्र का सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षाएं शांतिपूर्वक संचालित पाई गईं। कक्षा दसवीं का हिंदी विषय का प्रश्न पत्र था। दोनों परीक्षा केन्द्रों में परीक्षाएं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो रही थी। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने बताया कि किसी भी प्रकार का कोई भी नकल प्रकरण नहीं पाया गया है।



## युद्ध : अखंड मानव समाज के लिए एक अनावश्यक कार्यक्रम विषय पर हुई प्रतियोगिता

# राष्ट्रीय स्तर की निबंध लेखन स्पर्धा में एकता व शांति को दिया बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

युद्धः अखंड मानव समाज हेतु एक अनावश्यक कार्यक्रम विषय पर राष्ट्रीय स्तर की निबंध लेखन प्रतियोगिता जीवन विद्या जन संवाद समूह (कच्छ), समाधान महाविद्यालय (बेमेतरा) और अभिभावक हाई स्कूल (अछोटी एवं रायपुर) के संयुक्त तत्वावधान में 23 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित की गई। इस महोत्सव का उद्देश्य अखंड मानव समाज हेतु वैश्विक एकता और शांति पर सार्थक चर्चा को प्रोत्साहित करना था।

प्रथम सत्र में 23 फरवरी को चयनित स्नातकोत्तर प्रतिभागियों ने अपने निबंध प्रस्तुत किए, जिसमें सद्भावना और सह-अस्तित्व को बढ़ावा देने पर गहन विचार साझा किए। इस कार्यक्रम में मध्यस्थ दर्शन समूह के सदस्य, शिक्षक, विद्वान और समाजसेवी उपस्थित रहें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यस्थ दर्शन के विद्वान व वसुधैव कुटुंबकम्पुस्तक के सह-लेखक डॉ. सुरेंद्र पाठक थें। चयनित प्रस्तुतकर्ताओं में महेंद्र सिंह, चंद्रकिरण, रेखा शर्मा, ओमवीर, लतिका, म्युस स्कूल के प्रधानाचार्य नूर दिन पंजवानी और जनक पटेल शामिल थे। इस आयोजन को सफलतापूर्वक संचालित, समन्वित और संयोजित करने में नीरू पुरी, गणेश, संध्या खन्ना और शालिनी जनक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वेबिनार का सीधा प्रसारण शालिनी जनक यू -ट्यूब चैनल पर किया गया। द्वितीय सत्र 25 फरवरी को स्नातक वर्ग की चर्चा मुख्य अतिथि मेधस्वी किड्स की फाउंडर शालू अग्रवाल के नेतृत्व में हुई, जिसमें अर्चना यादव ने कार्यक्रम संचालन किया। चयनित प्रस्तुतिकर्ताओं में खुशबू, दीपक, ललित, नेतराम, नागेश्वर एवं नामेंद्र सिंह जगत ने बेहद शानदार तरह से विषय को रखा। तृतीय सत्र में 27 फरवरी को कक्षा -11वीं व 12वीं वर्ग की चर्चा में मुख्य अतिथि मानव व्यवहार दर्शन पुस्तक के अंग्रेजी अनुवादक राकेश गुप्ता रहें व इसका संचालन सुकृति खन्ना व जनक पटेल ने किया। चयनित प्रस्तुतिकर्ताओं में कौशल, मीनाक्षी, ध्रुव, सारा, गुंजन एवं कशिश ने विषय को बखूबी रखा।चतुर्थ सत्र 1 मार्च को कक्षा 9वीं व 10वीं वर्ग की चर्चा में मुख्य अतिथि अभिभावक विद्यालय की प्रधानाचार्य अनिता शाह की अध्यक्षता में हुई, जिसे जनक पटेल और शिवांगी यादव ने संचालन किया। चयनित प्रस्तुतिकर्ताओं में काशवी, स्वाती, वेदांत, कीर्तन, परिधि, विनीता, अपर्णा, सिद्धांत और वृत्ति ने विषय को रखा।




### अंतिम सत्र में इन विद्यार्थियों ने रखे विचार

अंतिम सत्र 2 मार्च को कक्षा छठवीं ,सातवीं व आठवीं वर्ग की जनचर्चा में मुख्य अतिथि समाधान महाविद्यालय के निर्देशक डॉ. अवधेश पटेल रहे तथा इसे श्रेयांशी पाटनी व गणेश खन्ना ने संचालन किया। चयनित प्रस्तुतिकर्ताओं देव, सांची, श्राव्या, राशि, निधि, सरमीन, श्रुति, मुस्कान, आर्य ने विषय को रखा। सर्वाधिक भागीदारी करने वाले विद्यालयों में आनंद निकेतन स्कूल अहमदाबाद, मुनि इंटरनेशनल स्कूल दिल्ली, समाधान महाविद्यालय बेमेतरा, आत्मीय शिशु मंदिर राजकोट, प्रेरणा विद्यालय कठिया बेमेतरा, मुस्लिम एजुकेशन स्कूल भुज, ढोलकिया निर्माण स्कूल सूरत, घनश्याम विद्यालय नारनपर कच्छ, सेंट जेवियर स्कूल मुंद्रा, स्कूल ऑफ को एग्जिस्टेंस दिल्ली, साधु राम विद्या मंदिर रायपुर, एस एम हिन्दू सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत, हरियाणा आदि रहे। इस पूरे महोत्सव के दौरान वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में, जब संघर्ष और युद्ध लगातार बढ़ रहे हैं, यह आवश्यक है कि हम अपनी सामूहिक ऊर्जा को शांति, संवाद और सह-अस्तित्व की ओर केंद्रित करें। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि यदि हम शांति के लिए प्रयास करें और सार्थक चर्चाओं को प्रोत्साहित करें, तो हम आने वाली पीढ़ियों इस को युद्ध को अस्वीकार करने और समझ व सद्भाव की संस्कृति को अपनाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

### ताइक्वांडो सिटी लीग खेलो इंडिया ट्रायल में दीपाली ने जीता कांस्य

**बालोद।** जिले के खिलाड़ी भी अब लगातार खेलों में शामिल होने के साथ नई उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। ताइक्वांडो सिटी लीग खेलो इंडिया ट्रायल में बालोद की बेटियों ने अपना हुनर दिखाया। अंबिकापुर में आयोजित ताइक्वांडो सिटी लीग में बालोद जिले की दो सीनियर महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इनमें हीरापुर की दीपाली साहू ने कांस्य पदक तथा संध्या ने शानदार प्रदर्शन किया। जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव त्रैमेश्वर साहू ने बताया कि यह प्रतियोगिता पूरे प्रदेश में विभिन्न खेल के सरकार से मान्यता प्राप्त संघों द्वारा खेलो इंडिया ट्रायल सलेक्शन भारतीय खेल प्राधिकरण में चयन के लिए किया जा रहा है। अभी महिलाओं को खेल में रुचि बढ़ाने तथा प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए इस तरह के टूर्नामेंट आयोजित किए जा रहे हैं। शाहिद वीर नारायण सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी के संरक्षक अजय यादव ने बताया कि जो भी खेल संघ छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त हैं।


पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### विक्ट्री सिल्वर लीग क्रिकेट स्पर्धा 2 अप्रैल से



रायपुर। विक्ट्री क्रिकेट क्लब रायपुर द्वारा 2 अप्रैल से 20 अप्रैल तक विक्ट्री सिल्वर लीग का आयोजन किया जा रहा है। नेताजी सुभाष स्टेडियम खेल मैदान में होने वाली प्रतियोगिता में 30 टीमें भाग लेंगी। आयोजक संस्था के संरक्षक पीतांबर चौधरी, अखिलेश विश्वकर्मा ने संयुक्त पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दी। श्री चौधरी ने बताया कि 5 पूल में एक टीम 6 मैच खेलेगी। बेहतर प्रदर्शन करने वाली क्रिकेट टीम के लिए पांच पुरस्कार रखे गए हैं। प्रथम पुरस्कार विजेता टीम को 3 लाख 50 हजार, द्वितीय पुरस्कार में 2 लाख रुपए दिए जाएंगे।

### गुजराती स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह



रायपुर। श्री गुजराती स्कूल में शालेय वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें वार्षिक शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अलावा वर्षभर पाठ्येत्तर गतिविधियों में भाग लिए मेरिट विद्यार्थियों को ग्रुप में पुरस्कृत किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रबंध समिति श्री गुजराती शिक्षण संघ के अध्यक्ष नारायण भाई पटेल रहे, अध्यक्षता उपाध्यक्ष अशोक भाई पटेल ने की। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य अनीस मेमन, अंग्रेजी माध्यम शाला के प्राचार्य डॉ. शैलेष शर्मा, उपप्राचार्य प्रवीण गनोदवाले, व्याख्याता वन्दना संघवी, प्राथमिक विभाग प्रभारी योगिता टांक, रजिस्ट्रार अशोक जाचक, प्रशासक नरेश रजक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक नरेंद्र ताड़गे एवं उर्वशी टांक ने किया। कक्षा नर्सरी से 5वीं के चम्मच दौड़, मेंढक दौड़, बाधा दौड़ आदि खेल प्रतियोगिताओं के 100 पुरस्कार वितरित किए गए। मिडिल स्कूल, हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी वर्ग में बालक एवं बालिका के विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिता के बैडमिंटन, शतरंज, दौड़, कैरम, कुर्सी दौड़, रिले रेस, स्लो साइकिल, रस्सीकूद, कबड्डी, खो-खो के 150 प्रथम, 150 द्वितीय स्थान के पुरस्कार वितरित किए गए। इसके अलावा गुजराती शिक्षण संघ के अध्यक्ष नारायण भाई पटेल की विशेष पहल पर पाठ्येत्तर गतिविधियों में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने वाले समस्त स्टॉफ को प्रबंध समिति द्वारा विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष बने मनीष, पदाधिकारियों को दिलाई शपथ



रायपुर। शिक्षक संघ के प्रांतीय कार्यालय में रविवार को छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला इकाई रायपुर कार्यकारिणी का निर्वाचन किया गया, जिसमें जिलाध्यक्ष मनीष देवांगन को बनाया गया। इसके अलावा संगठन मंत्री सुनील नायक, उपाध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, नीलकंठ वर्मा, लक्ष्मी राव, सचिव राजेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष मोहित वर्मा, सहसचिव गुपेश साहू, नीरज गुप्ता, कार्यकारिणी विजय वर्मा, डॉ. वंदना काले निर्विरोध निर्वाचित हुए। शेष पदों पर जिला कार्यकारिणी द्वारा मनोनयन किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक एवं सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अवध वर्मा द्वारा निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिला, तहसील विकासखंड के सभी पदाधिकारियों को निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

# तीन हजार सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं को सीएम के साथ भोजन और सम्मान का इंतजार

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के सदस्य अभियान में बीते साल प्रदेश संगठन ने प्रदेश में 60 लाख सदस्य बनाकर इतिहास रचने का काम किया है। प्रदेश संगठन ने कार्यकर्ताओं को तीन हजार सदस्य बनाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भोजन करने का मौका देने तथा सम्मान करने का भी ऐलान किया था। अब कार्यकर्ताओं को इसके लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। संभावना है कि इस माह कार्यकर्ताओं का इंतजार खत्म हो जाएगा। जहां एक तरफ प्रदेश के कई दिग्गज सांसद और विधायक अपना लक्ष्य पूरा नहीं सके हैं, वहीं कई कार्यकर्ताओं ने दस-दस हजार तक सदस्य बनाने का काम किया है।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने जब देशभर में बीते साल सितंबर से सदस्यता अभियान का प्रारंभ किया तो छत्तीसगढ़ को पहले 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया, लेकिन छत्तीसगढ़ में सदस्यता अभियान की रफ्तार को देखते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने रायपुर प्रवास में भाजपा का लक्ष्य 50 लाख से बढ़ाकर 60 लाख कर दिया। प्रदेश संगठन ने इस लक्ष्य को प्राप्त भी कर लिया।

- कई सांसद, विधायक जहां अपना लक्ष्य पूरा नहीं कर सके, वहीं कई कार्यकर्ताओं ने दस-दस हजार तक सदस्य बना दिए



### कई सांसद-विधायक रहे पीछे

सदस्यता अभियान के लिए सांसदों के लिए जहां 20-20 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया, वहीं विधायकों के लिए दस-दस हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ सभी मंत्रियों और ज्यादातर विधायकों ने अपना लक्ष्य प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की। कुछ विधायक अपना लक्ष्य प्राप्त ही नहीं कर सके। इसी तरह से आधा दर्जन से ज्यादा सांसद अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं सके।

### कार्यकर्ताओं ने किया कमाल

जहां एक तरफ कई सांसद और विधायक लक्ष्य प्राप्त करने में असफल रहे, वहीं थोक में कार्यकर्ताओं ने तीन हजार सदस्य बनाने का काम आसानी से किया। इसी के साथ कई कार्यकर्ताओं ने दस हजार और इससे ज्यादा भी सदस्य बनाने का काम किया है। अब इन सभी कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने के साथ सम्मान का इंतजार है। भाजपा नेताओं का कहना है कि सदस्यता अभियान के बाद प्रदेश संगठन के चुनाव और इसके बाद नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के कारण सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता व्यस्त रहे हैं। अब नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों के बाद सभापति, उपाध्यक्षों और जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव होना है। इसके बाद समय ही समय रहेगा तो कभी भी आयोजन करके कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा और उनको मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने का भी मौका दिया जाएगा।

### सीएम ने किया सहकारिता विभाग के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंत्रालय में रविवार को सहकारिता विभाग की गतिविधियों पर आधारित वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय ने सहकारिता विभाग के अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि "सहकार से समृद्धि" के मूलमंत्र पर आधारित यह कैलेंडर राज्य सरकार द्वारा सहकारिता के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों और उपलब्धियों का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा वर्ष 2025 को 'अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष' घोषित किया गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में, भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय द्वारा "सहकार से समृद्धि" अभियान के तहत विविध गतिविधियां पूरे छत्तीसगढ़ में आयोजित की जा रही हैं।

## रायपुर संभागीय कमिश्नर हैं महादेव कावरे, राजभवन से आदेश जारी

# कावरे संभालेंगे पत्रकारिता विवि, यह प्रदेश की चौथी यूनिवर्सिटी जो 'प्रभारी भरोसे'

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि के वर्तमान कुलपति प्रो.बलदेव भाई शर्मा का कार्यकाल 4 मार्च को समाप्त हो जाएगा। रिक्त पद पर राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने संभागायुक्त को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ यहां के प्रभारी कुलपति का दायित्व सौंपा है। रायपुर संभाग के संभागीय कमिश्नर महादेव कावरे कल से पत्रकारिता विवि का दायित्व संभालेंगे। राज्यपाल के सचिव डॉ.सी.आर. प्रसन्ना द्वारा इस संदर्भ में आदेश जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही यह प्रदेश का चौथा विश्वविद्यालय हो जाएगा, जो प्रभारी कुलपति के भरोसे है। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विवि में कुलपति पद के लिए विज्ञापन पिछले सप्ताह जारी किया गया था। कांग्रेस शासनकाल में कुलपति पद के लिए आवश्यक योग्यता में हुए बदलाव को यथावत रखते हुए मीडिया क्षेत्र में 20 वर्षों का अनुभव मांगा गया है। आवेदन, साक्षात्कार सहित अन्य प्रक्रिया में न्यूनतम तीन माह का समय वांछित है। ऐसे में आने वाले तीन माह तक पत्रकारिता विवि भी प्रभारी कुलपति के भरोसे ही रहेगा। इसके पूर्व दुर्ग विवि, तकनीकी विवि और खैरागढ़ संगीत विवि भी इस सूची में शामिल हो चुके हैं।

### वर्तमान कुलपति बलदेव भाई शर्मा का कार्यकाल कल होगा समाप्त




### परीक्षा कराएंगे प्रभारी कुलपति

पत्रकारिता विवि को नया कुलपति शैक्षणिक सत्र 2025-26 में ही मिलने की संभावना है। इसके पूर्व मई-जून में विवि की सेमेस्टर परीक्षाएं होनी हैं। इसके पूर्व प्रायोगिक परीक्षाएं होंगी। चूंकि विवि के कुलपति का कार्यकाल 4 मार्च को समाप्त हो जाएगा, ऐसे में प्रभारी कुलपति ही परीक्षा कराएंगे। कोर्स पूर्ण नहीं होने सहित अन्य असुविधाओं को लेकर यहां के छात्र नियमित अंतराल पर प्रदर्शनरत रहते हैं, ऐसे में स्थायी कुलपति का ना होना यहां के छात्रों की समस्याएं बढ़ाएगा।

### रिकॉर्ड आवेदन के बाद रिकॉर्ड इंतजार

*दुर्ग विवि के लिए इस बार रिकॉर्ड आवेदन मिले थे। प्रदेश सहित बाहर के विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत वरिष्ठ प्राध्यापकों और दो विश्वविद्यालयों के वर्तमान कुलपतियों ने भी इसके लिए आवेदन किए थे। इनमें से 13 उम्मीदवारों को शॉर्ट लिस्ट कर साक्षात्कार के लिए बुलाया गया। जनवरी माह में प्रस्तुति देते हुए इन्होंने विश्वविद्यालय को लेकर अपने लक्ष्य बताए। साक्षात्कार की प्रक्रिया पूर्ण हुए लगभग दो माह हो चुके हैं, लेकिन अभी तक यह तय नहीं किया जा सका है कि विवि का अगला कुलपति कौन होगा? सामान्यतः साक्षात्कार प्रक्रिया पूर्ण होने के माहभर के भीतर ही कुलपति के नाम पर अंतिम मुहर लगा दी जाती है, लेकिन इस बार रिकॉर्ड आवेदन के बाद रिकॉर्ड इंतजार हो रहा है।*

### निजी विश्वविद्यालयों पर भी लगाम नहीं

प्रदेश के प्राइवेट विश्वविद्यालयों की निगरानी के लिए निजी विवि विनियामक आयोग बनाया जाता है, लेकिन प्रदेश में निजी विवि विनियामक आयोग का भी कार्य सुचारू रूप से नहीं चल रहा है। छत्तीसगढ़ के निजी विवि विनियामक आयोग को अब तक अध्यक्ष नहीं मिल सका है। इसके लिए भी राज्य के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में कुलपति रहे चुके प्राध्यापकों सहित कई के आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। ब्रजेश चंद्र मिश्र को प्रभारी अध्यक्ष बनाया गया है। विश्वविद्यालयों के निरीक्षण कार्य सहित अन्य चीजें भी इसके चलते प्रभावित हो रही हैं।

### इंजीनियरिंग छात्र हलाकान

स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि को भी नया कुलपति नहीं मिल सका है। पिछले वर्ष अक्टूबर माह में यहां दो बार कुलपति रह चुके प्रो.एमके वर्मा का कार्यकाल पूर्ण हुआ था। इसके बाद वे पुनः एनआईटी रायपुर में प्राध्यापक के अपने मूल पद में सेवाएं दे रहे हैं। यहां भी विज्ञापन जारी किए जाने से लेकर अन्य चयन प्रक्रिया निर्धारित समय में पूर्ण नहीं हो सकी थी। पं.रविशंकर शुक्ल विवि के वर्तमान कुलपति प्रो.सच्चिदानंद शुक्ल को यहां के कुलपति का प्रभार दिया गया है। परीक्षा संबंधित आवश्यक कार्य यहां संचालित हो रहे हैं, लेकिन हॉस्टल निर्माण सहित अन्य विकास कार्य और राष्ट्रीय शिक्षा नीति से जुड़े विषयों पर निर्णय में देर का खामियाजा यहां के विद्यार्थी भुगत रहे हैं।

# अभियंता संघ के अधिवेशन में नई भर्ती, ओपीएस के लिए उठी आवाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एके कटियार ने कहा है कि ऊर्जा क्षेत्र में आने वाले दिनों में चुनौतियां और बढ़ेंगी और ऐसे में युवा अभियंताओं को नवाचार के लिए तैयार रहना होगा। छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल अभियंता संघ के एक दिवसीय प्रादेशिक अधिवेशन एवं असाधारण सभा में मुख्य अतिथि श्री कटियार में कहा कि टीम वर्क के बगैर हमारी सफलता सुनिश्चित नहीं हो सकती इसलिए हमें मिलकर चलना होगा। अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र मड़वा के सीनियर क्लब में आयोजित कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी राजेश कुमार शुक्ला ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि वरिष्ठ इंजीनियरों के अनुभव और युवा अभियंताओं की ऊर्जा के समन्वित प्रयास से हम अपनी प्रगति को सुनिश्चित कर सकते हैं। अधिवेशन में प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर राजेश पांडे,प्रदेश महासचिव मनोज वर्मा, कार्यक्रम संयोजक एच एन कोसरिया,कोषाध्यक्ष शशांक श्रीवास्तव प्रमुख रूप से उपस्थित थे। अध्यक्ष राजेश पांडे ने अधिवेशन को संबोधित करते हुए पॉवर कंपनी में पुरानी पेंशन योजना की बहाली, कनिष्ठ स्तर पर नई भर्ती, अंतर कंपनी ट्रांसफर पर रोक समेत कई मांगे कंपनी प्रबंधन के समक्ष रखी।

- प्रबंध निदेशक कटियार ने कहा- ऊर्जा क्षेत्र में आने वाले दिनों में चुनौतियां और बढ़ेंगी

### ऊर्जा संदेश का विमोचन

इस मौके पर बदलते ऊर्जा परिदृश्य और अभियंता संघ के प्रयासों पर केंद्रित स्मारिका "ऊर्जा संदेश" का विमोचन भी किया गया। इसका संपादन ऑल इंडिया पॉवर इंजीनियर फेडरेशन की पत्रिका के संपादक इंजीनियर विनय पांडेय ने किया है। अधिवेशन में प्रदेश भर के 1400 से अधिक अभियंताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर विनय पांडेय एवं आभार प्रदर्शन इंजीनियर एच एन कोसरिया ने किया ।

### इनका हुआ सम्मान

महासचिव मनोज वर्मा ने बताया कि अधिवेशन की शुरुआत में अभियंताओं के प्रेरणा भारत रत्न इंजीनियर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा का अतिथियों द्वारा अनावरण किया गया एवं वरिष्ठ अभियंताओं पी एन सिंह, सुरेन्द्र तिवारी,शरद श्रीवास्तव, मुकेश नाहर,संजय तैलंग, पी के खरे , सुनील विश्वास,राकेश शर्मा ,अनिल व्यास, एस के बंजारा, प्रवीण श्रीवास्तव, विनय पांडेय, विनोद अग्रवाल, सी एम बाजपई , मोहम्मद शाहिद खान ,आर के बंछोर को अभियंता के रूप में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया।


# इंटरस्टेट बस टर्मिनल परिसर में धूल के गुबार से बचाने मिस्ड फाउंटेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंटरस्टेट बस टर्मिनल पर बसों की आवाजाही के दौरान लोगों को धूल से बचाने मिस्ड फाउंटेन लगाए गए हैं, जो धूल के गुबार को कम करेंगे। साथ ही टर्मिनल बिल्डिंग में धूल को अंदर आने रोकने में मदद मिलेगी। वहीं खिलाड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए टर्मिनल बिल्डिंग के सामने बॉक्स कोर्ट का निर्माण एक विज्ञापन एजेंसी कर रही है।

- खिलाड़ियों के लिए बन रहा बॉक्स कोर्ट, जिसमें क्रिकेट, बैडमिंटन, व्हॉलीबॉल खेलने की सुविधा

मिस्ड फाउंटेन को हाल के महीनों में शुरू किया गया है। मिस्ड फाउंटेन लगाने के बाद मेन गेट से टर्मिनल बिल्डिंग प्रवेश करने वाले लोगों का धूल से बचाव हो रहा है। साथ ही घास पर पानी की बौछारें पड़ने से हरियाली बनी रहती है। निगम अफसरों के अनुसार, टर्मिनल गार्डन की खाली जगह पर खिलाड़ियों के लिए बॉक्स कोर्ट का निर्माण कराया जा रहा है। बॉक्स कोर्ट चारों तरफ नेट से पैक रहेगा। बॉक्स कोर्ट के अंदर खिलाड़ी क्रिकेट व्हॉलीबॉल, बैडमिंटन खेल सकेंगे। विज्ञापन एजेंसी को बॉक्स कोर्ट लगाने के एवज में निशुल्क विज्ञापन के लिए होर्डिंग लगाने की अनुमति दी गई है।



### जय व्यापार पैनल को 64 व्यापारी संगठनों ने दिया समर्थन

रायपुर। जय व्यापार पैनल से जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंह देव एवं परमानंद जैन ने बताया कि व्यापारिक हितों की रक्षा और सशक्त व्यापारिक माहौल बनाने के लिए जय व्यापार पैनल को लगातार अपार समर्थन मिल रहा है। आज 11 और व्यापारी संघों ने जय व्यापार पैनल को अपना समर्थन व्यक्त किया, जिससे अब तक कुल 64 संगठनों ने इस पैनल पर भरोसा जताया है। व्यापारी संगठनों ने जय व्यापार पैनल की पारदर्शी कार्यशैली, व्यापारिक समस्याओं के समाधान और व्यापारियों के हित में किए गए सकारात्मक प्रयासों की सराहना की है। पैनल के नेतृत्व में व्यापारियों को उचित सम्मान, सहयोग और सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं, जिससे समूचे व्यापारिक समुदाय में विश्वास का माहौल बना है। जय व्यापार पैनल के पदाधिकारियों ने इस ऐतिहासिक समर्थन के लिए सभी व्यापारी संगठनों का आभार व्यक्त किया और आश्वस्त किया कि पैनल हमेशा व्यापारियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता रहेगा।

# अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन 2025: बस्तर में अमन, चैन और खुशहाली का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन सिर्फ एक खेल आयोजन नहीं है, बल्कि यह बस्तर की समृद्ध संस्कृति, शांति और विकास का प्रतीक बन चुका है। इस प्रतिष्ठित मैराथन में देश-विदेश के हजारों धावकों ने भाग लिया और अमन, चैन और खुशहाली का स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल क्षेत्रीय खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देता है, बल्कि सामाजिक समरसता और सौहार्द्र को भी मजबूत करता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस आयोजन को बस्तर क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से बस्तर में शांति और विकास की नई राह खुली है। इससे पहले, बस्तर ओलंपिक में भी 1 लाख 65 हजार से अधिक प्रतिभागियों की ऐतिहासिक भागीदारी देखी गई थी, जिससे यह स्पष्ट होता है कि बस्तर क्षेत्र अब नई संभावनाओं और उपलब्धियों की ओर अग्रसर है।

- धावकों ने लगाई दौड़, मिले पुरस्कार




**हजारों धावकों की ऐतिहासिक भागीदारीः** नारायणपुर जिले में आयोजित अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन 2025 में 11 हजार से अधिक धावकों ने भाग लिया, जिसमें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय धावकों की शानदार प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। इस मैराथन में उत्तरप्रदेश के अक्षय कुमार ने पुरुष वर्ग में और इथियोपिया की हिवेत जेब्रीवाहिद ने महिला वर्ग में बाजी मारी।

### विजेताओं को मिले आकर्षक पुरस्कार, सम्मान भी

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त विजेताओं को 1.5 लाख रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त विजेताओं को 1 लाख रुपए और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को 75 हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया। शीर्ष 10 स्थान प्राप्त करने वालों को भी पुरस्कार दिया गया। स्थानीय प्रतिभाओं को भी 5-5 हजार रुपए की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। मैराथन का शुभारंभ संसदीय कार्य, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप और धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने किया। कार्यक्रम में बस्तर आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई, वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं हजारों दर्शक उपस्थित थे।

## सबसे ज्यादा बकाया नगरीय निकाय विभाग पर 14 सौ करोड़

# सरकारी विभागों का पॉवर कंपनी को 25 सौ करोड़ का करंट


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के सरकारी विभागों पर 25 सौ करोड़ से ज्यादा का बिजली बिल बकाया है। इनमें सबसे ज्यादा 14 सौ करोड़ बकाया तो अकेले नगरीय निकाय विभाग पर है। हमेशा नगरीय निकाय विभाग पर ही ज्यादा बकाया रहता है। प्रदेश के ज्यादातर नगरीय निकाय बिजली बिलों का भुगतान करते ही नहीं। इनके कनेक्शन स्ट्रीट लाइट और पानी के ज्यादा रहते हैं, ऐसे में कभी इनके कनेक्शन भी कट नहीं होते हैं, क्योंकि ये आम जनता से जुड़ी सुविधाओं का मामला है।

प्रदेश में आम उपभोक्ता पर थोड़ा-सा बकाया होने पर उनकी बिजली कट करने पॉवर कंपनी के कर्मचारी पहुंच जाते हैं। वहीं सरकारी विभागों की बिजली कभी कट नहीं की जाती। यही वजह है कि सरकारी विभाग हमेशा से बेलगाम रहे हैं। ये बिल ही जमा नहीं करते। अंत में पॉवर कंपनी को प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर विभागीय बजट से ही बिलों का भुगतान लेना पड़ता है। इस समय सरकारी विभागों में सबसे बड़ा बकाया नगरीय निकायों पर 14 सौ करोड़ से ज्यादा का है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पर 500 करोड़ से ज्यादा बकाया हैं। साथ ही अन्य विभागों पर एक करोड़ से लेकर सौ करोड़ तक का बकाया है।

**ये हैं बड़े बकायेदार**

- नगरीय निकाय एवं विकास विभाग - 1400 करोड़ से ज्यादा
- पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग - 500 करोड़ से ज्यादा
- स्कूल शिक्षा विभाग - करीब 86 करोड़
- चिकित्सा विभाग - 78 करोड़
- पुलिस विभाग - 34 करोड़
- जल संसाधन विभाग - 28 करोड़
- आवास एवं पर्यावरण - 15 करोड़
- महिला एवं बाल विकास - 24 करोड़
- राजस्व एवं आपदा प्रबंधन - 12 करोड़
- वन विभाग - 13 करोड़
- आदिम जाति कल्याण विभाग - 20 करोड़
- लोक निर्माण विभाग - 13 करोड़



### इन पर कम बकाया

जहां एक तरफ सबसे ज्यादा बकाया वाले विभाग हैं, वहीं कुछ ऐसे विभाग भी हैं, जिन पर बकाया कम है। ऐसे विभागों में सबसे कम बकाया खेल एवं युवा कल्याण विभाग पर 1.11 करोड़, पर्यटन विभाग पर भी 1.11 करोड़, विधि-विधायी विभाग पर 3.25 करोड़, कृषि एवं प्रौद्योगिकी विभाग पर 3.70 करोड़, उच्च शिक्षा पर 6.21 करोड़, सहकारिता विभाग पर 2.70 करोड़ का बकाया है। इसी के साथ और कई सरकारी विभागों पर 20 करोड़ से ज्यादा का बकाया है।

# अमलीडीह मार्ग की सफाई व्यवस्था का निगम अफसरों ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे के आदेश पर रायपुर शहर में स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में रविवार को जोन-10 क्षेत्र में अमलीडीह मार्ग की सफाई व्यवस्था का जोन कमिश्नर राकेश शर्मा, उपायुक्त डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी रघुमणि प्रधान की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान दौरान सड़क पर भवन सामग्री, रेत फैली हुई पाए जाने पर अधिकारियों ने रेत तत्काल जब्त कर संबंधित भवन निर्माणकर्ता पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान की तैयारियों का जायजा लेने नवनिर्वाचित वार्ड पार्षद गायत्री नौरंगे स्थल पर मौजूद रहीं। जोन कमिश्नर ने जोन कार्यालय में राजस्व वसूली कार्य और स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान की तैयारियों की समीक्षा कर जोन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



## खबर संक्षेप

### तहसील स्तरीय पेंशनर संघ की बैठक कल

**डौंडीलोहारा।** तहसील पेंशनर समाज डौंडीलोहारा की मासिक बैठक 5 मार्च को दोपहर 12 बजे से नवीन पेंशनर भवन में रखी गई है। तहसील पेंशनर समाज के सचिव भगवंत देवांगन ने कार्यकारिणी के सभी सदस्यों के अलावा पेंशनर साथियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि बैठक में जिला एवं राज्य स्तर पर दिए गए निर्देशानुसार चर्चा की जाएगी।

### पं. श्यामा चरण शुक्ल की मनाई जयंती, कांग्रेसियों ने दी आदरांजलि

**रायपुर।** नगर निगम के संस्कृति विभाग और जोन क्रमांक-4 के सहयोग से मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पं. श्यामचरण शुक्ल की जयंती मनाई गई। जीई मार्ग पर गौरवपथ फेस-1 गांधी-नेहरू उद्यान स्वर्ण जयंती तिराहा के समीप स्थित उनके प्रतिमा स्थल के समक्ष कांग्रेसियों, नगरवासियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें आदरांजलि अर्पित की। इस मौके पर पूर्व कार्यवाहक महापौर मनोज कंदोई ने बताया कि पं. श्यामाचरण शुक्ल के जीवन पर बने वृत्तचित्र को नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने बार कोड स्कैन कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी किया, जिसे यू-ट्यूब पर देखा जा सकता है। जन्म शताब्दी वर्ष के प्रारंभ के अवसर पर प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश शुक्ल ने परिवार सहित राजिम में भगवान राजीवलोचन के दर्शन के बाद प्रांगण में भजन अमृत कार्यक्रम में भजनों का आनंद लिया और प्रसादी वितरित की। आदरांजलि देने वालों में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल, पूर्व विधायक धनेंद्र साहू, रवि परसराम भारद्वाज, अमित श्रीवास्तव, सुरेश मिश्र, कन्हैया अग्रवाल, रामकुमार शुक्ला आदि शामिल रहे।

### जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक

**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ने रविवार को जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर बैठक की। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए एवं आवश्यक रणनीति बनाई गई। बैठक जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने आहूत की। बैठक में जिला प्रभारी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, प्रभारी प्रतिमा चंद्राकर, पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, पंकज शर्मा, शकुन डहरिया, सौरभ मिश्रा, देवा टंडन, कोमल साहू, दुर्गेश वर्मा आदि शामिल थे।

### पब्लिकेशन सेंटर में चोरी दो नाबालिग धरे गए

**रायपुर।** आजाद चौक थाने में एक पब्लिकेशन सेंटर के अकाउंटेंट ने अज्ञात चोर के खिलाफ एक लाख 30 हजार रुपए चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिवम पब्लिकेशन के अकाउंटेट अभिषेक राजपूत ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। अभिषेक ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार-शनिवार दरमियानी रात अज्ञात चोर एक्जास्ट पंखे लगाने के होल के माध्यम से पब्लिकेशन सेंटर में प्रवेश कर कैश काउंटर में रखी नकदी चोरी कर ले गए।

अभियान

**जिला एवं सत्र न्यायालय में सीएमएचओ सहित अन्य अधिकारियों ने खिलाई एमडीए की दवा**

# न्यायाधीशों व अधिवक्ताओं ने खाई फाइलेरियारोधी दवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला एवं सत्र न्यायालय में जिला न्यायाधीश किरण कुमार जांगड़े, फास्टट्रेक न्यायाधीश सूर्यवंशी, न्यायाधीश माधुरी मरकाम, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ बालोद अजय साहू, सचिव जिला अधिवक्ता संघ भगवती प्रसाद साहू एवं स्टॉफ ने फाइलेरिया की दवाई खाई। कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमके. सूर्यवंशी, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जितेन्द्र सिंह, सहायक जिला मलेरिया अधिकारी आरके. सोनबोइर एवं समस्त स्टॉफ ने एमडीए की दवा खिलाई।

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें छ.ग. रायपुर के निर्देशानुसार भारत सरकार कें द्वारा वर्ष 2027 तक पूरे देश कें सभी प्रदेशों को फाईलेरिया मुक्त किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। फाईलेरिया उन्मूलन गतिविधियों में सामूहिक दवा सेवन अभियान 27 से 02 मार्च को बुथ में तथा 03 से 10 मार्च को घर–घर भ्रमण द्वारा एवं 11 से 13 मार्च तक मॉप–अपराउण्ड में सामुहिक दवा सेवन अभियान एवं कृमि मुक्ति कार्यक्रम सम्पादित किया जा रहा है। मोबाईल टीम द्वारा फाइलेरिया रोग के उन्मूलन हेतु आयोजित होने वाले सामूहिक दवा सेवन (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह था कि फाइलेरिया रोग की गंभीरता को जन–समुदाय में अधिक से अधिक प्रचारित किया जा सके, जिससे लोग इस गंभीर बीमारी के बारे में सही और महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकें और फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कर इस रोग से स्वयं और अपने परिवार को बचा सकें।




### दवा खाने के बाद उल्टी, चक्कर, खुजली या जी मिचलाने जैसे लक्षण हों तो घबराएं नहीं

डॉ.एमके. सूर्यवंशी ने बताया कि फाइलेरिया रोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। हालांकि इन दवाओं का कोई विपरीत प्रभाव नहीं है, परंतु और अगर किसी को दवा खाने के बाद उल्टी, चक्कर, खुजली या जी मिचलाने जैसे लक्षण होते हैं तो यह इस बात का प्रतीक हैं कि उस व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के परजीवी मौजूद हैं, जो कि इन दवाओ के सेवन के उपरांत इन परजीवियों के मरने के कारण उत्पन्न होते हैं। सामान्यतः ये लक्षण स्वतः समाप्त हो जाते है परंतु ऐसी किसी भी परिस्थिति के लिए प्रशिक्षित रैपिड रिस्पॉन्स टीम तैनात है और उन्हें उपचार के लिए तुरंत बुलाया जा सकता है।

### प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी अपने सामने खिलाएंगे दवा

बालोद जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एमके. सूर्यवंशी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जिले के कुल 924348 लाभार्थियों को फाइलेरिया से सुरक्षित रखने के लिए फाइलेरिया रोधी दवाओं की निर्धारित खुराक, प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बुथ में और घर–घर जाकर, अपने सामने खिलाई जाएगी। दवाओं का वितरण बिलकुल भी नहीं किया जायेगा। इन दवाओं का सेवन खाली पेट नहीं करना है। 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को ये दवाये नहीं खिलाई जाएगी।

# भगवान शिव ने सब पर कृपा की, जिसने जो मांगा दिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- कुर्मीपारा बालोद में श्री शिव महापुराण कथा जारी

श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन साई महिला मानस मंडली कुर्मीपारा बालोद में किया जा रहा है। कथा के पंचम दिवस सौरभ शर्मा महाराज ने बताया कि आज भी महादेव प्रत्यक्ष दर्शन देते हैं, उन्होंने कथा को सुनने का नियम बताया।

उगना महादेव की कथा बताते हुए महाराज ने कहा कि भगवान विद्यापति को जैसे दर्शन दिए वैसे हमको भी दे सकते हैं, पर मन में सरलता होनी चाहिए जो सरल है, वही शिव है। शिव की भक्ति सरलता से करे जीवन की सत्कर्म के लिए है सदा अच्छे कर्म करना चाहिए, भगवान शिव को रस के अभिषेक की महत्तमा अमरनाथ नाम कैसे पड़ा शमी पत्र बेलपत्र की महत्तमा और प्रागट्य की कथा बताई गई। पण्डित सौरभ शर्मा महाराज ने कहा शिव ने सब पर कृपा की, जिसने जो मांगा दिया। इसलिए इनका नाम अवघड़ दानी हैं। आगे बताया कि किस प्रकार मंदिर जाने मात्र से हमारे दुख, तकलीफ दूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि शिव चौखट को प्रणाम करने से भगवान शिव भक्तों के दुख को हरण कर लेते हैं। इसलिए हर व्यक्ति को मंदिर जाना चाहिए। किस प्रकार शिव जी राम नाम का सुमिरन करते हैं, इस प्रकार भक्तों व जनमानस को शिव कथा के माध्यम से बच्चों में संस्कार कैसे आएगा, यह बताया गया।

# प्रदेश के विकास को गति देने वाला है छत्तीसगढ़ सरकार का बजट : राजू

## चेंबरऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के बालोद अध्यक्ष ने की बजट की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

चेंबर ऑफ कामर्स बालोद ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा 3 मार्च को प्रस्तुत बजट को प्रदेश के विकास को गति देने वाला बजट बताते हुए उसका स्वागत किया है। साथ ही चेंबर के प्रदेश कार्यालय के लिए रियायती दर पर भूमि की घोषणा का भी स्वागत किया।



अध्यक्ष चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज राजू पटेल ने कहा कि 3 मार्च को प्रस्तुत बजट में महिला सशक्तिकरण, गरीबों के उत्थान एवं अधोसंरचनात्मक विकास के लिए विभिन्न प्रावधान किए गए हैं। साथ ही चेंबर भवन के प्रदेश कार्यालय के लिए रियायती दर पर भूमि उपलब्ध कराने की घोषणा की गई, जिसका छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों की ओर से हार्दिक स्वागत है, धन्यवाद।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज देश के प्रमुख चेम्बर ऑफ कामर्स में से भारतवर्ष का सबसे अधिक सदस्य संख्या वाला चेम्बर है, जो 65 वर्षों से अपनी सेवाएं लगातार दे रहा है। छत्तीसगढ़ चेम्बर व्यापारियों एवं उद्योगपतियों का एक प्रतिनिधि संस्था है, जो व्यापारियों एवं उद्योगपतियों के हित संवर्धन के लिए संवाद के माध्यम से शासन–प्रशासन के मध्य सेतु का कार्य करता है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति के मद्देनजर इतनी बड़ी संस्था का संचालन, पुराने छोटे से कार्यालय से करना कठिन होता जा रहा था, अतः व्यापारियों के लिये सुव्यवस्थित एवं सर्वसुविधायुक्त कार्यालय स्थापित हो सके इस हेतु नवा रायपुर में रियायती दर पर भूमि उपलब्ध कराने की घोषणा की पूरा व्यापारी वर्ग सराहना करता है।

### ई-वे बिल की सीमा बढ़ाया जाना स्वागत योग्य

प्रस्तुत बजट में राज्य के आर्थिक विकास को गति प्रदान करने महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिसमे राज्य सरकार ने ई–वे बिल की सीमा को 50,000 रूपये से बढ़ाकर 1 लाख रूपये करने का निर्णय लिया है। 10 साल से अधिक पुराने लंबित मामलों में 25,000 रूपये तक की देनदारियों को माफ करेगी। जिससे 40,000 से अधिक व्यापारियों को मदद मिलेगी और 62,000 से अधिक मुकदमेबाजी के मामलों में कमी आएगी। इसके साथ ही प्रदेश में लॉजिस्टिक्स, ट्रांसपोर्ट और व्यापारिक इंफ्रास्ट्रक्चर को सुधारने के लिए बजट में जो प्रावधान किए गए हैं। उद्योगों को सब्सिडी निपटारा के लिए 1420 करोड का प्रावधान किया गया है। अचल संपत्ति लेन देन पर स्टांप शुल्क पर टैक्स हटाना। पेट्रोल पर 1 रूपये सस्ता किया गया। युवाओं के लिए छात्र स्टार्टअप एवं नवाचार नीति का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया गया।


# वीर छत्रपति शिवाजी एक योद्धा ही नहीं, उत्कृष्ट रणनीतिकार व कुशल प्रशासक भी थे : ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कुथरेल में चंद्राकर कुर्मी समाज एवं ग्रामवासियों द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की

- ग्राम कुथरेल में आयोजित शिवाजी महाराज की जयंती समारोह में शामिल हुए विधायक
- महिलाओं के लिए विविध खेल प्रतियोगिताओं का किया आयोजन

जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल थे। अध्यक्षता दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर ने की। विशेष अतिथि प्रतिमा चन्द्राकर, अश्वनी चन्द्राकर, योगिता चन्द्राकर, पुष्पेन्द्र चन्द्राकर थे। सभी ने छत्रपति शिवाजी महाराज को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और उनके द्वारा देश के लिए किए गए योगदान को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि वीर शिवाजी






महाराज केवल एक योद्धा ही नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी शासक, उत्कृष्ट रणनीतिकार और कुशल प्रशासक भी थे। उन्होंने अपनी नीतियों, अनुशासित सेना और संगठित प्रशासनिक व्यवस्था के माध्यम से शक्तिशाली और आत्मनिर्भर राज्य की नींव रखी। आगे श्री चंद्राकर ने कहा कि हिंद स्वराज की परिकल्पना करने वाले महान राष्ट्र भक्ति की प्रेरणा, छत्रपति शिवाजी महाराज का शौर्य एवं राष्ट्रप्रेम आज भी अनगिनत लोगों को प्रेरित करता है। उन्होंने अपने दृढ़ संकल्प और सूझबूझ से विपरीत परिस्थितियों में भी अद्वितीय विजय प्राप्त की। उनकी रणनीति, सुशासन और लोकहितकारी नीतियाँ सदियों तक प्रेरणा स्रोत बनी रहेंगी। छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन साहस, संकल्प और आत्मसम्मान का प्रतीक है। उनकी अमर गाथा भारत के युवाओं में राष्ट्रप्रेम और अदम्य उत्साह की भावना जागृत करती रहेगी।

### बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

इस अवसर समाज के छोटे-छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। वहीं, नारीशक्ति के लिए सुवा नृत्य, ग्रामीण खेलकूद, कुर्सी दौड़, गोली चम्मच, मटका फोड़ का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर आशा विक्की मिश्रा, लोमश रिंकू चन्द्राकर, प्रदीप चन्द्राकर, दीनानाथ चन्द्राकर, पद्माकर चन्द्राकर, उषा चन्द्राकर, राजश्री प्रेरणा चन्द्राकर, गीता गजपाल, महेन्द्र चन्द्राकर, गंगाराम चन्द्राकर सहित चंद्राकर समाज के लोग तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कल्पनाओं पर आधारित निराशाजनक है प्रदेश सरकार का बजट : ताम्रध्वज

**अंडा।** साय सरकार का बजट आम जनता के अपेक्षा और उम्मीदों के विपरीत घोर निराशाजनक रहा है। न इसमें युवाओं के रोजगार के संदर्भ में कोई रोड मैप दिख रहा है, न ही महंगाई से निपटने की कोई ठोस रणनीति है। युवाओं के बेरोजगारी भत्ता, किसानों की आय बढ़ाने के लिए बजट में कुछ नहीं है। मोदी की गारंटी में किये गये वादे 1 लाख नौकरियों के सृजन के बारे में इस वर्ष के बजट में भी कुछ नहीं है। महिलाओं के लिए 500 रूपए में सिलेंडर देने के बारे में बजट में कुछ नहीं है। पिछले बजट में 33,000 शिक्षकों की भर्ती की घोषणा किये थे एक भी भर्ती नहीं कर पाये। इस वर्ष फिर से 20,000 शिक्षकों की भर्ती की बात कर रहे है। इस बजट में युवाओं के रोजगार बढ़ाने के लिए, किसानों के लिए, महिलाओं के लिए कुछ नहीं है। प्रदेश की 32 प्रतिशत आबादी आदिवासी समाज के लिए बजट में कुछ नहीं है। मजदूरों और गरीबों की आमदनी बढ़ाने के लिए बजट में कुछ नहीं है।



# जर्जर हॉस्टल की खिड़कियां-दरवाजे हो गए गायब, यहीं बनेगा अस्पताल का नया भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय मेडिकल कॉलेज के खंडहर हो चुके हॉस्टल की खिड़कियां और दरवाजे गायब होने लगे हैं, वहीं भवन निर्माण में लगी लोहे की छड़ों पर भी असामाजिक तत्वों की नजर है। काफी साल पहले जर्जर होने की वजह से इसे खाली करा दिया गया था, जहां अब आंबेडकर अस्पताल के लिए सात सौ बेड की क्षमता वाले नए भवन का निर्माण किया जाना है। राज्य सरकार ने पिछले बजट में इसकी घोषणा की थी, लेकिन दस्तावेजी कार्यवाही और निर्माण एजेंसी तय होने की वजह से साल बीतने के बाद भी इसका काम शुरू नहीं हो पाया है। शासकीय मेडिकल कॉलेज रायपुर में पढ़ने वाले एमबीबीएस के

- पिछले बजट में हुई थी आंबेडकर अस्पताल में 7 सौ एकीकृत भवन बनाने की घोषणा

छात्रों के लिए हॉस्टल के रूप में इस भवन का उपयोग होता था। करीब चार साल पहले भवन की जर्जर अवस्था को देखते हुए इसके खाली करा दिया गया था। भवन तब से बिना देखरेख के खड़ा है और खंडहर के रूप में तब्दील हो चुका है। कुछ साल पहले आंबेडकर अस्पताल में बढ़ रहे मरीजों के दबाव को देखते हुए यहां सात सौ बिस्तर की क्षमता वाले बड़े भवन के निर्माण की योजना बनाई गई। इस निर्माण के लिए इस जर्जर ब्वॉयज हॉस्टल पर नजर गई। पिछले बजट में राज्य सरकार ने यहां भवन निर्माण को स्वीकृति दी थी, जिस पर काम अब तक शुरू नहीं हो पाया है।

भवन खंडहर बना चुका था, मगर इसके अन्य सामान ठीकठाक थे, जो धीरे-धीरे गायब होने लगे हैं।

# राज्य सरकार की शराब नीति बिक्री बढ़ाने वाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, राज्य मंत्रिमंडल द्वारा राज्य की 2025-2026 के लिए घोषित की गई शराब नीति, शराब की बिक्री बढ़ाने का सरकारी प्रयास है। भाजपा सरकार ने शराब दुकानें कम करने का कोई फैसला नहीं लिया, राज्य मे इस वर्ष भी 674 दुकानों से शराब बेची जाएगी। सरकार ने विदेशी शराब पर लगने वाले अतिरिक्त टैक्स 9.5 प्रतिशत को कम इसलिए किया, ताकि ज्यादा बिक्री हो और ज्यादा मुनाफा मिले, शराब की काली कमाई का मोह सरकार छोड़ नहीं पा रही। श्री शुक्ला ने कहा, पहले भी शराब की खपत बढ़ाने अहाते खोले गए थे, एयरकूल्ड अहाते बनाकर शराब बिक्री को प्रोत्साहित किया जा रहा है। अहातों के नाम पर सरकार शराब की काली कमाई में लगी हुई है। पूरे प्रदेश में कुछ लोगों को चिन्हांकित कर अहाते आवंटित किए गए हैं। प्रभावशाली भाजपा नेताओं की अनुशंसा पर आहाते दिए गए हैं। भाजपा सरकार के राज में शराब की कोचियागिरी शुरू हो गई है।

**शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद में किया गया आयोजन**

# लोकमाता अहिल्यादेवी जन्म त्रिशताब्दी वर्ष पर हुई संगोष्ठी व भाषण प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद में 3 मार्च को पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्यादेवी जन्म त्रिशताब्दी वर्ष के अवसर पर संगोष्ठी व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जेके.खलखो के मार्गदर्शन एवं प्रो. जसराम नायक हिंदी विभागाध्यक्ष के निर्देशन में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्यादेवी होलकर के तेल चित्र की पूजा अर्चना से हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खिलावन साहू ने छात्र–छात्राओं




को लोक माता अहिल्यादेवी जन्म त्रिशताब्दी वर्ष के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अहिल्यादेवी होलकर एक ऐसी महारानी के रूप में जानी जाती हैं, जिन्होंने भारत के अलग–अलग राज्यों में मानवता की भलाई के लिए अनेक कार्य किये। अपनी उदारता और प्रजा वत्सलता के कारण वह लोकमाता और देवी के नाम से विभूषित हुईं। पति खंडेराव के मरणोपरांत अहिल्या देवी होलकर की अल्पायु अवस्था में बड़ी कुशलता से मालवा राज्य की बागडोर संभाली। उनकी गणना आदर्श शासको में की जाती है।

कार्यक्रम में प्रो. जसराम नायक ने बताया कि लोकमाता अहिल्यादेवी की बुद्धिमत्ता, त्याग, पराक्रम एवं देश तथा समाज के लिए किए गए अभूतपूर्व कार्यों को हमेशा याद किया जाएगा। कार्यक्रम में छात्र लक्ष्य कुमार साहू, जय नारायण एवं छात्रा खिलेश्वरी ने भाषण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रो. लोमन कुमार टंडन, डॉ. तुलाराम ठाकुर, अतिथि प्राध्यापक डॉ. राजेश कुमार मारकंडे, नरेंद्र कुमार चक्रधारी, मिथिलेश साहू, टोनेश्वर साहू, डॉ. शहनाज बेगम, गायत्री साहू, शोभा वैष्णव, सरिता कोरेटी, केसरी उर्वसा एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### एग्रीस्टेक योजना ....

अधिक कृषकों को इस योजना से जोड़ने पर जोर दिया। यह पंजीयन न केवल सरकारी योजनाओं के लाभों को सुव्यवस्थित करने में सहायक होगा, बल्कि इससे कृषि अनुदान, बीमा, सब्सिडी एवं अन्य सुविधाओं का वितरण भी सुगम और प्रभावी होगा। साथ ही, इससे कृषि नीति निर्माण एवं संसाधनों के समुचित आवंटन में भी सहायता मिलेगी। बेमेतरा प्रशासन कृषक हित में निरंतर कार्यरत है और इस अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से प्रयासरत है।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कृषि से जुड़े सभी संबंधित विभागों के कामकाज की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों को लाभान्वित करना और उनकी स्थिति को मजबूत बनाना प्राथमिकता में शामिल है। ज़िले में किसानों की स्थिति को और बेहतर बनाने के लिए धान के साथ-साथ अन्य व्यवसायिक फसलों की खेती को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य शासन दलहन और तिलहन की फसलों को बढ़ावा भी दिया जा रहा है। किसानों को इसका लाभ सुनिश्चित कर दलहन और तिलहन की खेती के लिए उन्हें प्रेरित करें।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत सदस्य नीलिमा ने परीक्षार्थियों को भेंट की कलम

**कुसुमकसा।** जिला पंचायत बालोद क्षेत्र क्रमांक 11 की नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम के नेतृत्व में उनके युवा संगठन द्वारा दसवीं व बारहवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को कलम भेंट कर परीक्षा में अच्छे अंक हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दी गईं। उल्लेखनीय है कि नीलिमा श्याम कोरोना काल से भी पहले अपने गाँव के घर में बच्चों को मुफ़्त में शिक्षा देती आ रही हैं। इसी तरह अपने युवा संगठन के साथ अपने क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गाँव घोटिया, साल्हे, गुजरा, भैसबोड़, बिटाल, चिखली, चिपरा, खलारी, एवं अन्य गांव में दसवीं व बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को कलम प्रदान कर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर युवा संगठन से अनिल टेकाम, दीनू, डिंपल, प्रवीण देवांगन, नवीन सलाम, युवराज नेताम, खेमचंद सिवना, तुलाराम गौर, सुमेश्वर ताराम, गीतेश कचलाम सहित अनेक साथी उपस्थित थे।

### कार चालक ने बुलेट सवार को ठोका

**भिलाई।** गैरेज रोड पर तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने बुलेट चालक को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में युवक का पैर टूट गया है। सूचना पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर कार को जब्त किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया क बुलेट सीजी 07 सीएल 6347 रविवार को गैराज रोड पर अंडर ब्रिज के पहले से निकल रहा था।इस दौरान तेज रफ्तार कार आई और जोरदार ठोकर मार दिया। हादसे में युवक को गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

### राशन दुकान से पीडीएस चावल पार, अपराध दर्ज

**भिलाई।** राशन दुकान से चॉवल पार होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ई),331 (4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि वार्ड 12 सुपेला निवासी ईश्वर सिंह ग्राम पिटौरा मे जय महिला स्व. समूह शासकीय उचित मूल्य की दुकान मे सेल्समेन का काम करता है। भिलाई से प्रतिदिन आना जाना करता है। 26 जनवरी को 485 कट्टा पीडीएस चांवल राशन दुकान में आया था। जिसमे से 28 जनवरी तक 20 कट्टा चांवल वितरण कर शाम को दुकान बंद कर घर भिलाई लौट गया।4 फरवरी को शासकीय उचित मूल्य की दुकान पिटौरा पहुंचने पर दुकान का ताला टूटा पड़ा मिला। भीतर जाकर देखने पर पीडीएस चांवल का स्टाक मिलाने पर 40 कट्टा चांवल गायब मिला। जय महिला स्वः समूह शासकीय उचित मूल्य की दुकान अध्यक्ष द्रौपती बाई महिंलांगे और समूह के सदस्यों को सूचना देकर आसपास खोजबीन किया गया।

### मकान से जेवरात पार

**भिलाई।** मकान के आलमारी से सोना चांदी के जेवरात पार हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 331(4),305 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज की गई है। सुपेला पुलिस ने बताया कि खम्हरिया भाठा वार्ड 1 निवासी सुरभि पटेल प्राइवेट काम करती है। मकान के आलामरी में सोने चांदी के जेवरात रखी हुई थी। मकान का ताल तोड़कर जेवरात को पार कर दिया।

**आयोजन :** अनुविभागीय अधिकारी धनीराम रात्रे ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को दिलाई शपथ

# नगर पंचायत थानखम्हरिया में अध्यक्ष अनिता व पार्षदों ने ली शपथ







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर पंचायत थानखम्हरिया के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को नगर पंचायत के पास पुरुषोत्तम नगर में भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस समारोह में नगर की जनता, गणमान्य नागरिकों और राजनीतिक हस्तियों की उल्लेखनीय उपस्थिति देखी गई। समारोह में अनुविभागीय अधिकारी धनीराम रात्रे ने नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष अनिता चंदन अग्रवाल सहित 15 पार्षदों को शपथ दिलाई।

इस चुनाव में भाजपा के 10, कांग्रेस के 4 एवं 1 निर्दलीय पार्षद प्रत्याशी विजयी हुए, जिन्होंने नगर के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्धता जताई। इस विशेष अवसर पर दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, वहीं समारोह की अध्यक्षता साजा विधायक ईश्वर साहू ने की। समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, चुनाव प्रभारी दयावंत बांधे, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, ओमप्रकाश जोशी, राजेश ठाकुर, चंदन अग्रवाल, भाजपा नेता एवं युवा समाजसेवी बसंत अग्रवाल, आशीष राज सिंघानिया, हरिशंकर टावरी, मूलचंद शर्मा, नवीन जैन सहित अनेक वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता व हजारों की संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान लोकगायिका छाया चंद्राकर कृत 'लोकछाया' की शानदार प्रस्तुति ने और भी यादगार बना दिया। उनकी लोकधुनों पर उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध होकर झूम उठा। उनके गीतों ने आयोजन में उत्साह और उल्लास का संचार किया।

### नागरिकों की उम्मीदों पर खरा उतरना मेरी प्राथमिकता : अनिता

नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष अनिता चंदन अग्रवाल ने नगरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह जीत पूरे नगर की जनता की है। मैं अपनी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से नगर के विकास और जनहित के लिए कार्य करूंगी। नागरिकों की उम्मीदों पर खरा उतरना मेरी प्राथमिकता होगी। युवा समाजसेवी चंदन अग्रवाल ने कहा, आज का दिन नगर पंचायत थानखम्हरिया के लिए ऐतिहासिक है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के नेतृत्व में नगर विकास की नई ऊँचाइयों को छुएगा। हम सब मिलकर जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों ने नगर के विकास में सहयोग देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनीस अग्रवाल, चेतन सिन्हा, रुद्रेश अग्रवाल, जितेंद्र सिन्हा, साकेत सिंघानिया, लाला अग्रवाल, दीपक बंसल, जीवेश अग्रवाल, प्रतीक सिंघानिया, अतुल सिंघानिया, राजा साहू, सहित अनेक कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन ढाल सिंह राजपूत ने किया।

## ग्राम पंचायत बरगा में नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों ने लिया कार्यभार



**बेमेतरा।** ग्राम पंचायत बरगा में नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का प्रथम सम्मिलन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नव-निर्वाचित सरपंच नंदकुमारी ठाकुर एवं सभी पंचों को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान कर विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण कराया गया। ग्राम सचिव प्रेम पाटिल ने पंचायत के 11 वार्डों के पंच क्रमशः सरोज बाई साहू, मंजूषा माण्डे, कुमारी बाई साहू, मंगतु राम यादव, जानकी बाई साहू, श्रवण कुमार साहू, अशोक साहू, भारती वर्मा, रेखा साहू, जोहन पाल एवं पुन्नीबाई साहू को निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा गया। इसके साथ ही पंचायती कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

### आगामी उपसरपंच चुनाव की जानकारी

सम्मेलन के दौरान पर्यवेक्षक घनश्याम सिंह ने 8 मार्च को प्रस्तावित उपसरपंच चुनाव की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित पंचों को निर्वाचन प्रक्रिया, नियम एवं शर्तों से अवगत कराते हुए निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने की अपील की। इस अवसर पर ग्रामीण समुदाय के महत्वपूर्ण व्यक्तित्व ग्राम कोटवार ईश्वर गंधर्व, रोजगार सहायक गणेश तुरकाने, मालुराम साहू, नोहर बल्लू पाल, जलेश्वर ठाकुर , कमलेश साहू, डॉ. काशीराम साहू, डोमार वर्मा, मनीराम साहू, रूपेश साहू, भोपेन्द्र साहू, अजय साहू, अरूण साहू, भागवत साहू, दादू साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## साप्ताहिक रामायण पाठ का आयोजन, भक्तिमय हुआ माहौल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

स्वामी अवधूतानंद मानस मंडली द्वारा साप्ताहिक रामायण पाठ का आयोजन सुधीर सिंघानिया के निवास पर भक्तिपूर्वक किया गया।

■ अयोध्या कांड रामचरितमानस का हृदय स्थल - पं रामावतार मिश्रा

इस अवसर पर रामायण की चौपाइयों का सामूहिक गान हुआ, भजन-कीर्तन की मधुर प्रस्तुति दी गई तथा समस्त श्रद्धालुओं ने मिलकर श्रीरामजी की आरती कर कार्यक्रम को पूर्ण किया। रामायण पाठ का वाचन आचार्य पं. रामवतार मिश्रा एवं पं. रामेश्वर प्रसाद उपाध्याय द्वारा किया गया। इस अवसर पर पं. रामेश्वर प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि श्रीरामचरितमानस केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला दैवीय प्रकाश स्तंभ है। गोस्वामी तुलसीदासजी ने इस ग्रंथ के माध्यम से परस्पर स्नेह, सम्मान एवं कर्तव्यपरायणता की शिक्षा दी है, जो मानव जीवन को समृद्ध और सुखी बनाती है।

### मर्यादा, प्रेम और त्याग की अद्वितीय गाथा

उन्होंने बताया कि अयोध्या कांड को रामचरितमानस का हृदय स्थल कहा जाता है, क्योंकि इसमें श्रीराम-जानकी विवाह के उपरांत अयोध्या में बीते समय का विस्तृत वर्णन है। यह कांड मर्यादा, प्रेम और त्याग की अद्वितीय गाथा है, जो समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन में भी सहायक सिद्ध होती है। इस भक्तिमय आयोजन में नगर के अनेक श्रद्धालु सम्मिलित हुए एवं रामभक्ति के रस में डूबकर कथा श्रवण किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया।

## पत्रकारों और जनसंपर्क के लिए बढ़ा बजट, मीडिया कर्मियों ने सराहा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ सरकार के द्वितीय बजट सत्र में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट में पत्रकारों और जनसंपर्क विभाग से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। बजट में रायपुर प्रेस क्लब के रिनोवेशन और विस्तार के लिए 1 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे पत्रकारों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

इसके अलावा, पत्रकार सम्मान राशि को 10 हजार से बढ़ाकर 20 हजार रुपये करने की घोषणा की गई है, जो मीडिया कर्मियों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। पत्रकारों के उत्थान के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं, जो इस पेशे से जुड़े लोगों के कार्यों को प्रोत्साहित करेंगे। इसके साथ ही, जनसंपर्क विभाग के लिए 550 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है, जिससे शासन की योजनाओं और कार्यों को प्रचार माध्यमों के जरिए जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में मदद मिलेगी। बेमेतरा के वरिष्ठ पत्रकारों ने इस बजट पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। पत्रकार महेश दुबे, किशोर तिवारी, दिनेश दुबे अध्यक्ष प्रिंट मीडिया, सुजीत शर्मा,जितेंद्र शुक्ला ने इसे पत्रकारिता जगत के लिए हितकारी बताया। उनका मानना है कि सरकार द्वारा स्थानीय समाचार पत्रों और पत्रकारों को समर्थन देने से मीडिया की स्वतंत्रता और प्रभावशीलता में वृद्धि होगी। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि यदि जिला जनसंपर्क अधिकारियों को स्थानीय समाचार पत्रों में विज्ञापन देने का अधिकार दिया जाता, तो इसका लाभ छोटे एवं क्षेत्रीय अखबारों को भी मिलता।

कुल मिलाकर, यह बजट पत्रकारों और जनसंपर्क के क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लिए उत्साहवर्धक है और मीडिया के सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

## बेरला विकासखंड की ग्राम पंचायतों में नवनिर्वाचित सरपंच व पंचों ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन चुनाव 23 फरवरी को संपन्न हो गए। वहीं, 03 मार्च को बेरला जनपद पंचायत के अन्तर्गत आने वाले सभी ग्राम पंचायतों में नवनिर्वाचित सरपंच व पंच ने शपथ ली। लिहाजा ग्राम पंचायत भिलौरी में नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों का शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। नवनिर्वाचित सरपंच तेजकुमारी साहू एवं पंचगण सविता साहू, टीनेश्वरी साहू, पूरनलाल साहू, अमरीका साहू, शैल कुमारी साहू, सुरेश साहू, कल्याणी साहू, गन्नूराम

■ गांव के विकास का लिया संकल्प

साहू, अजय कुमार साहू, श्यामचरण साहू, भागवतराम साहू एवं कुम्मबाई साहू सहित गणमान्य नागरिक बकट राम निषाद, रमेश्वर साहू, अनूप साहू, लेखु राम साहू, यादों राम साहू, बिसनाथ साहू, कामदेव साहू, टुकेश्वर साहू, पूर्व सरपंच भक्तुराम साहू, सचिव लेखन राम साहू पर्यवेक्षक टिकेंद्र कुमार साहू व्याख्याता एलबी उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामीणों के समक्ष ग्राम पंचायत भिलौरी के सरपंच व पंचों ने विधिवत शपथ ली। सभी जनप्रतिनिधियों ने गांव के समग्र विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग लागू करने का संकल्प लिया।

## तीर्थयात्रा से लौटने पर बच्चों को दिया न्योता भोज



**बेमेतरा।** ग्राम बरगा के शासकीय प्राथमिक शाला में सोमवार को धार्मिक अनुष्ठान के उपलक्ष्य में सामूहिक न्योता भोज का आयोजन किया गया। यह आयोजन शिवकुमार साहू, चिन्ताराम साहू, परमानंद साहू एवं अनुमति साहू द्वारा तीर्थयात्रा से लौटने के पश्चात पूजा-अनुष्ठान के उपलक्ष्य में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चों को स्नेहपूर्वक खीर, पूड़ी, चावल, दाल एवं सब्जी परोसी गई। इस अवसर पर नवनिर्वाचित सरपंच नंदकुमारी ठाकुर, जलेश्वर ठाकुर, भूतपूर्व सरपंच लच्छीराम साहू, खेमलाल पाल, प्रमोद साहू, डोमार वर्मा, कमलेश साहू, दादू साहू, जलेश्वर ठाकुर , अजय साहू, श्रवण साहू, जोहन पाल, मंगतु यादव, ग्राम सचिव प्रेमलाल पाटिल, रोजगार सहायक गणेश तुरकाने, नारायण साहू, हेमलाल साहू, भागवत साहू, पीलूराम साहू संकुल समन्वयक, कन्हैयालाल लहरे प्रधान पाठक, शिक्षक रामनारायण पटेल, शिक्षिका युक्ति साहू सहित अन्य ग्रामीण एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## कॉलेज में विदाई समारोह का आयोजन, विद्यार्थियों को दी गई उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खमरिया

स्व. ठाकुर महाराज सिंह शासकीय महाविद्यालय में वार्षिक विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने महाविद्यालय जीवन की मधुर स्मृतियों को साझा किया और शिक्षकों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

■ स्व. ठाकुर महाराज सिंह शासकीय महाविद्यालय में विदाई समारोह



कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वागत भाषण सहायक प्राध्यापक तोरन लाल साहू ने दिया, जहां उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, ईमानदारी और लगन से अध्ययन करने की प्रेरणा दी। इसके पश्चात सहायक प्राध्यापक संजय कुमार वर्मा ने अपने उद्बोधन में विदाई समारोह की महत्ता बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उनके आगामी जीवन में नई ऊर्जा भरने का कार्य करता है।

**विभिन्न प्रस्तुतियों से कार्यक्रम बना रोचक :** सहायक प्राध्यापक रामेश्वरी कश्यप ने शायराना अंदाज में अपने विचार व्यक्त कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच संचालन शिवानी शर्मा ने किया, जिन्होंने अपनी शानदार प्रस्तुति से पूरे कार्यक्रम को रोचक बनाए रखा। विद्यार्थियों ने नृत्य एवं गेम्स की शानदार प्रस्तुति देकर समां बांध दिया, जिसे सभी ने खूब सराहा। समारोह में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण धनेश्वरी साहू, डॉ. दिलेश्वरी साहू, डॉ. कन्हैया साहू, धनंजय साहू, नितेश अकेला, संगीता आदिले, प्रांजल मिश्रा, हरिशंकर साहू, नम्रता चतुर्वेदी, रीना पटेल, रमेश सोनी (सभी सहायक प्राध्यापक) एवं आदर्श जोशी, शिव केडिया सहित महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन के लिए आभार प्रकट किया और महाविद्यालय में बिताए गए अनमोल पलों को यादगार बताया।

